100 वें राष्ट्रीय वैज्ञानिक बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम

मथुरा जनपद की लोकप्रिय सांसद एवं देश की सुप्रसिद्ध सिने तारिका श्रीमती हेमा मलिनी होंगी केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान की ब्रांड एम्बेसडर

केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में चल रहे 07 दिवसीय 100 वें राष्ट्रीय वैज्ञानिक बकरी पालन प्रशिक्षण का समापन कार्यक्रम दिनांक 04.06.2023 को मुख्य अतिथि माननीय सांसद महोदया श्रीमती हेमा मालिनी एवं विशिष्ट अतिथि श्री ए,के. तिवारी, कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी हैड की गरिमामयी उपस्थिति में पूर्ण हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय राज्यपाल महोदया श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा दिनांक 29.05.2023 किया गया था।

संस्थान निदेशक डॉ0 मनीष कुमार चेटली द्वारा मंच पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अथितियों सहित सभी गणमान्य अथितियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया एवं संस्थान के 43 वर्ष के गौरवशाली इतिहास एवं विभिन्न उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया एवं मुख्य अतिथि माननीय सांसद हेमा मालिनी जी से मंच से अनुरोध किया कि महिला सशक्तीकरण एवं आजिविकाअर्जन के लिए बकरी पालन आर्थिक उन्नति का बेहतर साधन है एवं महिलाओं की अधिक से अधिक भागेदारी होने से निश्चित ही पशुपालन के क्षेत्र में बकरी पालन बेहतर रोजगार का साधन है इसके लिए माननीय सांसद हेमा मालिनी जी के ब्रांड एम्बेसडर बनने से संपूर्ण देश के दूर-दराज के राज्यों में महिला में बकरी पालन के क्षेत्र में नवीन ऊर्जा का संचार होगा।

संस्थान की ब्रांड एम्बेसडर बनने के डॉ0 मनीष कुमार चेटली, निदेशक के लिखित अनुरोध को माननीय सांसद महोदया ने स्वीकार किया। संस्थान निदेशक द्वारा संस्थान के मुख्य द्वारा से फरह कस्बे तक की सड़क के सहारे इंटरलॉकिंग रोड़ बनवाने का अनुरोध किया गया ताकि बारिश के मौसम में सड़क के टूटने से बचाया जा सकें, जिस पर माननीय सांसद महोदया ने अपने प्रतिनिधि श्री जनार्दन शर्मा को निर्देशित किया कि वे इस विषय पर प्राथमिकता पर कार्यवाही करें।

मंच पर मुख्य अतिथि हेमा मालिनी जी द्वारा संस्थान निदेशक, डॉ0 मनीष कुमार चेटली के कार्यकाल में संस्थान की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि मुझे गौरव की अनुभूति महसूस हो रही है कि संस्थान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में महिला सशक्तिकरण को

बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। मैं इस बात से पूर्णता सहमत हूं कि महिला सशक्तिकरण में आर्थिक उन्नति के लिए बकरी पालन रोजगार का मजबूत साधन है और ज्यादा से ज्यादा महिला किसानों की भागीदारी इसमें सुनिश्चित होना नितांत आवश्यक है। मैं आपको भरोसा देती हूं कि आपके संस्थान द्वारा महिला सशक्तिकरण की ओर जो भागीरथी प्रयास आगे बढ़ाएं हैं, उसमें मजबूती प्रदान करूंगी। अपना हर संभव सहयोग आपको दूंगी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय सांसद महोदया द्वारा श्री ए.के. तिवारी, अधिशाषी निदेशक एवं रिफाइनरी हैड से अनुरोध किया वह केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान के साथ एम.ओ.यू हस्ताक्षर करें एवं उन्नत बकरी पालन का मॉडल गॉव स्थापति कराए। विशिष्ट अतिथि श्री ए.के. तिवारी, अधिशाषी निदेशक एवं रिफाइनरी हैड द्वारा अपने अभिभाषण में संस्थान द्वारा किए जा अनुसंधान कार्य एवं संस्थान के गौरवशाली इतिहास की भूरी-भूरी प्रशंसा की एवं यह भरोसा दिलाया कि वह शीघ्र ही बकरी पालन का मॉडल गॉव स्थापति करने कि दिशा में एवं संस्थान की हर संभव मदद करने के लिए कार्य करेंगे।

इस सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में देश के 14 राज्यों से आए 121 किसान एवं बकरी पालकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें काफी बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी सहभागिता की, भारत ही नहीं अपितु एक महिला प्रशिक्षार्थी ने गूगल कंपनी के कैलीफोर्निया कार्यालय से आकर संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर बकरी पालन को लक्ष्य बनाया। माननीय मुख्य अतिथि सांसद महोदया द्वारा सफलतापूर्वक प्रशिक्षण करने पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया एवं अजास्थल के अवलोकन के बाद उनके द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

संस्थान डॉ0 ए.के. दीक्षित, प्रधान वैज्ञानिक, प्रसार शिक्षा एवं सामाजिक अर्थशास्त्र अनुभाग के प्रभारी ने मंच से 100वें राष्ट्रीय वैज्ञानिक बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

100 वीं वैज्ञानिक बकरी पालन पर राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
दिनाँक : 29 मई - 04 जून 2023 (7 दिवसीय)
100th National Training Programme On Scientific Goat Farming
Date : 29 May- 04 June, 2023 (7 Days)
: भा.कृ.अनु.प.- केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, फरह-281122, मथुरा (उ.प्र.)